दैनिक जागरण 01/02/2025

जीएमएन कालेज ने बाठला को सेवानिवृत्त पर दी विदाई

जीएमएन कालेज में सुनील कुमार बाठला को विदाई समारोह में सम्मानित करते हुए। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता ● अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में इलेक्ट्रानिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष रहे सुनील कुमार बाठला के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बाठला ने कालेज में 35 वर्षों से अधिक समय तक अपनी शिक्षण सेवाएं प्रदान कीं और इस दौरान न केवल एक कुशल शिक्षक के रूप में, बल्कि एक आदर्श मार्गदर्शक और प्रशासक के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विशेष रूप से इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कमेटी और टाइम टेबल कमेटी के संयोजक के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके मार्गदर्शन में कॉलेज की बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ और शिक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा सुनील कुमार बाठला ने कालेज में अपनी सेवाएं पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ दी हैं। वे केवल एक विद्वान शिक्षक ही नहीं, बल्कि छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत, सहकर्मियों के लिए एक सहयोगी मित्र और एक संवेदनशील, दयालु व्यक्तित्व के धनी रहे हैं।